## कार्यपत्र-2

**1. सही उत्तर पर ठीक ( ✓ ) का चिह्न लगाइए।**

(क) वर्णों के क्रमबद्ध समूह को ______________ कहते हैं। (i) वर्णमाला ✓

(ख) व्यंजन के निचले हिस्से में लगे 'र' के रूप को क्या कहते हैं? (iii) पदेन ✓

(ग) स्वरों के लिए निर्धारित चिह्न ______________ कहलाते हैं। (ii) मात्रा ✓

(घ) जिस वर्ण का उच्चारण केवल नाक से हो, वह ______________ कहलाता है। (i) अनुस्वार ✓

(ङ) जिन वर्णों का उच्चारण स्वरों की सहायता से होता है, वे कहलाते हैं– (iii) व्यंजन ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) हिंदी वर्णमाला के दो भेद हैं– 1. स्वर 2. व्यंजन।

1. स्वर– जिन वर्णों के उच्चारण में किसी अन्य वर्ण की सहायता नहीं ली जाती हो, स्वर कहलाते हैं। जैसे– अ, आ, इ, ई आदि।
2. व्यंजन– जिन वर्णों के उच्चारण में स्वरों की सहायता ली जाए, वे व्यंजन कहलाते हैं। जैसे– क, ख, ग आदि।

(ख) ह्रस्व स्वरों के उच्चारण में कम समय लगता है। हिंदी में कुल चार ह्रस्व स्वर हैं– अ, इ, उ, ऋ।

दीर्घ स्वरों के उच्चारण में ह्रस्व स्वर से दुगुना समय लगता है। हिंदी में सात दीर्घ स्वर हैं– आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ।

(ग) व्यंजन के तीन भेद हैं– 1. स्पर्श व्यंजन 2. अंतःस्थ व्यंजन 3. ऊष्म व्यंजन।

1. स्पर्श व्यंजन– 'क' से 'म' तक स्पर्श व्यंजन हैं।
2. अंतःस्थ व्यंजन– य, र, ल, व अंतःस्थ व्यंजन हैं।
3. ऊष्म व्यंजन– श, ष, स, ह ऊष्म व्यंजन हैं।

(घ) अयोगवाह तीन प्रकार के होते हैं–

1. अनुस्वार ( ं )– पंखा, शंख, चंचल आदि। 2. अनुनासिक ( ँ )– चाँद, आँख, हँस आदि।
3. विसर्ग ( : )– प्रातः, अतः, पूर्णतः आदि।

(ङ) दो समान व्यंजनों के मेल से द्वित्व व्यंजन बनते हैं; जैसे– मक्का, कच्चा आदि।

स्वर रहित व्यंजनों का स्वर सहित व्यंजन के मेल से संयुक्ताक्षर बनते हैं; जैसे– प्याज, पत्थर आदि।

**3. दिए गए शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए।**

(क) पुस्तकालय प् + उ + स् + त् + अ + क् + आ + ल् + अ + य् + अ

(ख) निरर्थक न् + इ + र् + अ + र् + थ् + अ + क् + अ

(ग) निर्माण न् + इ + र् + म् + आ + ण् + अ

(घ) विश्राम व् + इ + श् + र् + आ + म् + अ

**4. 'र' के सही रूप का प्रयोग करके शब्दों को दोबारा लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | व्रण | वर्ण | (ख) | स्रजन | सृजन |
| (ग) | कृोध | क्रोध | (घ) | आशीव्राद | आशीर्वाद |
| (ङ) | क्रायकर्म | कार्यक्रम | (च) | दपृण | दर्पण |

**5. निम्नलिखित शब्दों में से अनुस्वार, अनुनासिक और आगत शब्दों को अलग-अलग करके लिखिए।**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कंचन | काँच | मज़दूर | पाँच | पूँछ | रंग | चँद्र | बिंदु | राज़ | आँत |
| कंधा | हंस | व्यंजन | डंडा | मॉल | हँस | माँ | मुँह | कॉफी | ठंड |

**अनुस्वार शब्द** कंचन, रंग, चंद्र, बिंदु, कंधा, हंस, व्यंजन, डंडा, ठंड

**अनुनासिक शब्द** काँच, पाँच, पूँछ, आँत, हँस, माँ, मुँह

**आगत शब्द** मज़दूर, राज़, मॉल, कॉफी